# देशबन्धु

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

वर्ष – 8 । अंक–178 । सागर, मंगलवार, 15 अगस्त 2023 । पृष्ठ –20 । मूल्य – 3.00 रुपए


पूरे राज्य में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया

## हिमाचल में भूस्खलन से 40 की मौत



**शिमला, देशबन्धु।** हिमाचल प्रदेश में गत 24 घंटों में बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की फिर से हुई घटनाओं के कारण राज्य में 40 लोगों की मौत हो गई है तथा कई लोगों मलबे में दबे होने की आशंका है।

सूत्रों के अनुसार राज्य में ऑरेंज अलर्ट की घोषणा तथा बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की ताजा घटनाओं में बड़े पैमाने पर जानमाल के नुकसान और सम्भावित त्रासदी को देखते हुये राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने 15 अगस्त को राजभवन में होने वाला एट होम कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। अब सिर्फ ध्वजारोहण ही होगा। राज्यपाल स्वयं भूस्खलन घटनास्थलों पर पहुंचे जहां कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि राजभवन में केवल ध्वजारोहण ही होगा। 'एट-होम' कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

### भूस्खलन की चपेट में आया शिव मंदिर

राज्य के शिमला, सोलन, मंडी, कांगड़ा और चम्बा जिलों में भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने कहर बरपा दिया है। शिमला में भूस्खलन की दो और सोलन में बादल फटने की ताजा घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई। शिमला के समरहिल इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से एक शिव मंदिर ढह गया था और अनेक लोग मलबे में दब गए। सोमवार होने के चलते सोमवार के दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं सामान्यत: काफी भीड़ रहती है।

वहीं फागली क्षेत्र में भी भूस्खलन होने से वहां अनेक घर दलदली मलबे के चपेट में आ कर बह गये तथा अनेक लोगों के इसके नीचे दबने की आशंका है। समरहिल में तीन बच्चों और एक महिला समेत छह तथा फागली में अब तक पांच शव निकाले जा चुके हैं। इनमें एक बच्चे का सिर धड़ से अलग पाया गया। दोनों जगहों पर जिला प्रशासन की टीमें, राष्ट्रीय आपदा राहत बल, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने भी समरहिल पहुंच कर स्वयं स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला उपायुक्तों से भी राज्य में ताजा प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की है।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बोली राष्ट्रपति

## हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ रहा देश

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और मुश्किल समय में जहां अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं नाजुक दौर से गुजर रही हैं वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरे देशों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है।

श्रीमती मुर्मु ने 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और कहा, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, मैं भारत के नागरिकों के साथ एकजुट हो कर सभी ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनके असंख्य बलिदानों से, भारत ने विश्व



**हमारा देश सभी मोर्चों पर अच्छी प्रगति कर रहा है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है, बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है: द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

समुदाय में अपना स्वाभिमान-पूर्ण स्थान फिर से प्राप्त किया। स्वतंत्रता संग्राम में नारी शक्ति के योगदान का उल्लेख करते हुए

### राष्ट्रपति मुर्मू स्वतंत्रता संग्राम में नारी शक्ति के योगदान का भी किया उल्लेख

उन्होंने कहा मातंगिनी हाजरा और कनकलता बरुआ जैसी वीरांगनाओं ने भारत माता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। मां कस्तूरबा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर सत्याग्रह के मार्ग पर चलती रहीं। सरोजिनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, रमा देवी, अरुणा आसफ-अली और सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिला विभूतियों ने अपने बाद की सभी पीढ़ियों की महिलाओं के लिए आत्म-विश्वास के साथ, देश तथा समाज की सेवा करने के प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विकास और देश सेवा के हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर योगदान दे रही हैं तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। महिलाओं ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना लिया है जिनमें कुछ दशकों पहले उनकी भागीदारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने तथा विकसित राष्ट्र बनने के लिए देश हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और दूसरे देशों के लिए भी उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा, हमारा देश सभी मोर्चों पर अच्छी प्रगति कर रहा है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है। विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं नाजुक दौर से गुजर रही हैं।

### शुभकामनाएं

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**


### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

## राज्यपाल राजभवन में, मुख्यमंत्री प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में झंडावंदन करेंगे





**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस मंगलवार को धूमधाम के साथ गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश भर की शासकीय इमारतों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है, कई आयोजन हो रहे हैं। इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में जगह-जगह ध्वजारोहण किया जाएगा। राजभवन में राज्यपाल मंगु भाई पटेल ध्वजारोहण करेंगे।

वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाल परेड मैदान में सुबह 9 बजे आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झंडावंदन करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय धुन, परेड सलामी और परेड निरीक्षण होगा। जबकि विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम नवगठित जिला मऊगंज में झंडावंदन करेंगे। मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर स्थित विधानसभा सचिवालय में विधानसभा के सचिव अवधेश प्रताप सिंह तिरंगे को सलामी देंगे।

इसी प्रकार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ सुबह साढ़े 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इधर प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराएंगे। विधानसभा सचिवालय प्रांगण में प्रमुख सचिव एपी सिंह ध्वजारोहण करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में भी झंडा वंदन किया जाएगा और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। मंत्री अपने-अपने गृह जिले में तिरंगा फहराएंगे करेंगे, जबकि शेष जिलों में कलेक्टर तिरंगे को सलामी देंगे।




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष साहू गल्ला व्यापारी
द्वितीय पुरस्कार विजेता
प्रकाश पलसीज नौगांव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय दाल मिल
प्रो. संजय गुप्ता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम पलसीज
शुभम गुप्ता गल्ला व्यापारी, नौगांव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुराग खरे
बीआरसी जनपद शिक्षा केन्द्र, नौगांव

नगर परिषद बिजावर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती लक्ष्मी वीर सिंह यादव
अध्यक्ष
संतोष सैनी
सीएमओ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
करूणेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
जयकृष्ण चौबे
उपाध्यक्ष
रामविशाल पटैरिया
सीईओ
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छतरपुर

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल साहू
बुंदेलखंड दाल मिल
प्रथम पुरस्कार विजेता

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना- 2023

1. योजना में नवीन संशोधनों के अनुक्रम में दिनांक 25 जुलाई 2023 से 20 अगस्त 2023 तक योजनांतर्गत निम्नानुसार नवीन पात्र हितग्राही महिलायें आवेदन कर सकती है।

पात्रता -

i. दिनांक 01 जनवरी 2023 को 21 वर्ष या उससे अधिक परंतु 23 वर्ष से कम आयु वर्ग की विवाहित महिला।

ii. दिनांक 01 जनवरी 2023 को 23 वर्ष या उससे अधिक परंतु 60 वर्ष से कम आयु वर्ग की मात्र ऐसी विवाहित महिला आवेदिकाओं के आवेदन की प्रविष्टि जो 04 पहिया वाहन के रूप में केवल ट्रेक्टर वाहन स्वामी परिवार की महिला होने के कारण अपात्र थीं (परिवार की परिभाषा योजना की कंडिका 2.2 अनुसार पति, पत्नी और उन पर आश्रित बच्चे)।

आवश्यक दस्तावेज- 1. बैंक खाता में डीबीटी एवं केवाईसी होना अनिवार्य है।
2. समग्र आई डी में ई-केवाईसी होना अनिवार्य है।

नोट- शहर के सभी 40 वार्डो में निवासरत पात्र महिलाएं नगर पालिका कार्यालय में आकर अपना आवेदन कर सकती हैं।

नगर पालिका परिषद छतरपुर (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनीता दिनेश राय
आबकारी ठेकेदार
कम्पोटिव शराब दुकान रामटौरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश चौबे
समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति महेबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लखन पटैल
अध्यक्ष कांग्रेस
रामसिया भारतीय
पूर्व प्रत्याशी बड़ामलहरा वि.स.
शैलेश जैन
ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी
ब्लाक कांग्रेस कमेटी घुवारा

कार्यालय नगर पंचायत बड़ामलेहरा
स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती निशा राजे बुन्देला
अध्यक्ष
प्रदीप मिश्रा
सीएमओ
अपील
नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
समस्त करों का समय पर भुगतान करें

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित
संचालक
उमा प्यासी
प्यासी फिलिंग स्टेशन घुवारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगन कुशवाहा
समाज सेवी
श्रीमती कुसुम कुशवाहा
उपाध्यक्ष
नगर परिषद घुवारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इब्राहिम खान
संचालक
देवेंद्र असाटी
व्यवस्थापक
गुरकुल आदर्श शिक्षा स्कूल घुवारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. ए.के. शुक्ला
राजेश पटैरिया समिति अध्यक्ष
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बमनौरा कला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनीता दिनेश राय
आबकारी ठेकेदार
कम्पोटिव शराब दुकान बमनौरा

सेवा सह समिति गौरगांय
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अखलेश चतुर्वेदी प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज पाल
बीएमओ सटई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम मिलन अवस्थी
समिति प्रबंधक
जितेंद्र सिंह यादव
प्रशासक
वृहत्ताकार सेवा सह. समिति राजनगर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, राजनगर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद मोहन खरे
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, राजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
हरगोविंद गुप्ता
अध्यक्ष जनभागीदारी समिति
बापू महाविद्यालय नौगांव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुड्डी जाहर सिंह
अध्यक्ष
अभय सिंह
एुदद् भैया
देवेन्द्र सिंह ठेकेदार
श्री बाला जी बोरबेल्स एण्ड कंस्ट्रेक्शन कंपनी भगवां

नगर परिषद सटई
स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
समस्त करों का समय पर भुगतान करें।
श्रीमती माया शर्मा
अध्यक्ष
राजेश शर्मा
राजेश साहू
प्रभारी सीएमओ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अतुल चतुर्वेदी
बीआरसी राजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुड्डी जाहर सिंह
अध्यक्ष
अभय सिंह
एुदद् भैया
आनंद निगम ठेकेदार
निगम कंस्ट्रेक्शन शाहगढ़

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अप्पू राजा ज्योहारा
विधानसभा राजनगर

ग्राम पंचायत मुड़ेरी जिला छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्णकांत गर्ग
सरपंच/भाजयुमो जिला मंत्री

ग्राम पंचायत ज्योहारा जिला छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर
समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्रीमती मिथलेश सिंह दीपेंद्र सिंह छुटकू राजा

ग्राम पंचायत सदगुवां, पथरिया
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
कल्पना — सरपंच
शिवकुमार पटेल — सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, इमलिया धोना

ग्राम पंचायत नेगुवां, पथरिया
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज रानी यादव — सरपंच
इमरत सिंह — सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, इमलिया धोना

नगर परिषद लवकुशनगर जिला छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
जीतू खटीक
अध्यक्ष
बसंत चतुर्वेदी
सीएमओ

जनपद पंचायत लवकुश नगर जिला छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र सिंह अटकौंहा
उपाध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
महेश अवस्थी मोंटी
मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो लवकुशनगर

ग्राम पंचायत किशुनगंज, पथरिया
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
पूनम श्रीधर — सरपंच
जगदीश पटेल — सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, इमलिया धोना



ग्राम पंचायत देवनागर जिला छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
महेंद्र कुमार यादव
सरपंच

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
दानिश खान
वार्ड पार्षद नं. 12 लवकुश नगर
युवा कांग्रेस जिला सचिव

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
ओ पी पवया
बीईओ बिजावर

आरटीओ बैरियल पगड़ीबंधा
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश सीमेले

ग्राम पंचायत बछरावनी जनपद बड़ामलेहरा
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सीमा सिंह — सरंपच
रतिराम अवस्थी — सचिव

लोक निर्माण विभाग, नौगांव
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आर एस पायक
एसडीओ

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक यादव
टीआई, थाना नौगांव

जनपद पंचायत, नौगांव
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
हेमलता पाठक — अध्यक्ष
भगीरथ तिवारी — सीईओ

नवीन कृषि उपज मंडी समिति,नौगांव
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बलवीर रमण — भारसाधक
ममता वर्मा — सचिव

कार्यालय महिला बाल विकास, नौगांव
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल नामदेव
परियोजना अधिकारी

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अजीत खान, रजिस्ट्रार
उप पंजीयक तहसील कार्यालय, नौगांव

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
नगीना बानो — पार्षद
इस्माईल खान
रामसिया भारती
कांग्रेस नेता, नौगांव

आप सभी को 76 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Paheli Gold
Saffron Blended
Paheli Gold Premium Pan Masala
TAMANNA TRADING & MANUFACTURING
CHHATARPUR (M.P.)

कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त
नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
— योजनाएं —
1. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना
2. भू अटल योजना
3. राष्ट्रीय खाद्य मिशन गेहूं एवं मोटा अनाज
डॉ. बी.पी. सूत्रकार
उप संचालक
उपलब्धि- जिले में फुब्बारा सिंचाई से 36 हजार हे. तथा 2 लाख 10 हजार हे. की पाइप लाइन से सिंचाई की जा रही है

देशबन्धु

सागर, मंगलवार 15 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## अमृतकाल में विष-बेलों का सिंचन

आजादी की वर्षगांठ को देश के सबसे बड़े जश्न के साथ मनाया जाता है पर यही वह अवसर भी होता है जब हर स्वतंत्र चेता नागरिक को उन सभी पहलुओं पर गौर फरमाना चाहिये जो देश और उसकी स्वतंत्रता के लिये खतरा हों। अब वैसी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां नहीं रहीं जिनसे किसी देश के बाहरी शक्तियों के हाथों फिर से गुलाम होने का खतरा हो। जैसा कि पहले होता था। दो महायुद्धों के बाद तो यह और भी कठिन हो गया है- कुछ अपवादों को छोड़कर। अब असली खतरा अपनी ही सरकार द्वारा नागरिक आजादी के छिन जाने का है। इसे बचाये रखने के लिये स्वयं अवाम को सतर्क रहने की आवश्यकता है और ज़रूरी होने पर प्रतिरोध करने की उसकी तैयारी भी होनी चाहिये। वैसे तो यह बात सभी स्वतंत्र देशों के लिये लागू होती है लेकिन भारत के वर्तमान परिदृश्य के सन्दर्भ में और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गई है क्योंकि जिस रास्ते चलकर देश ने आजादी हासिल की थी, अब नये निज़ाम को उस मार्ग पर चलना न सिर्फ नागवार गुजर रहा है वरन स्वतंत्रता की नयी परिभाषा भी गढ़ी जा रही है। यही असली खतरा है।

झूठ और सत्ता को पाने के लिये रचे गये षड्यंत्रों से प्रारम्भ हुए नये राजनीतिक विमर्श ने आजादी की लड़ाई के नायकों के प्रति अवहेलना, तिरस्कार और घृणा के जरिये ऐसा विष वमन किया है कि स्वतंत्रता का गौरव ही खण्डित हो गया है। उग्र राष्ट्रवाद ने देश का पिछला लगभग एक बहुमूल्य दशक इतिहास को कोसने तथा उसमें परिवर्तन के हास्यास्पद हसरतों में गंवा दिया। बीती अवधि की काल कोठरी में एक पूरी पीढ़ी को बन्द कर उसे निरे स्वप्न दिखलाये जा रहे हैं। बस.., नई गुलामी के खतरे यहीं से प्रारम्भ होते हैं। असली नायकों को पीछे ठेलकर छद्म नायकों की अगली कतारें तो तैयार कर ही दी गईं, उनमें भरोसा करने वाली पीढ़ी भी गढ़ी गई है जिसका विश्वास है कि देश वाकई में अब तक स्वतंत्र नहीं हुआ है बल्कि उसे अंग्रेजों ने 99 वर्षों की लीज़ पर दिया हुआ है। यह वह पीढ़ी है जो पूरी गम्भीरता से मानती है कि सारा विकास 2014 के बाद ही हुआ है। इन हैरत भरी जानकारियों पर लोग विश्वास करें, इसके लिये झूठ फैलाने वालों को देशभक्त साबित करने हेतु रचा गया राष्ट्रवाद पूंजीवाद से पोषित है। अब वह जनता से अपनी कीमत वसूल रहा है।

बड़ी संख्या में लोगों की आंखों पर बन्धी राष्ट्रवाद की पट्टी पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस से लेकर टमाटरों के बढ़ते दामों को यह सोचकर नज़रंदाज़ करती है कि उनके पैसे से देश को विश्वगुरु बनने में मदद मिलेगी। पाकिस्तान व अफगानिस्तान को नेस्तनाबूद करने की उत्कंठा जगाकर केन्द्रीय सत्ता ने लोगों की जेब से पैसा उगाहने की कला में महारत हासिल कर ली है। देश के भीतर अल्पसंख्यकों, आंदोलनकारियों, संगठित समूहों, बदलाव में भरोसा रखने वाले युवाओं व छात्रों समेत सरकार से सवाल करने और उसकी कमियां गिनाने वाले पत्रकारों, लेखकों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को देश का दुश्मन बतलाया जाता है। सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने सरकार विरोधियों को देशद्रोही, हिन्दूविरोधी, पाकपरस्त जैसे तमगे देकर जनचेतना को कुन्द कर दिया है। सरकार पर लोग आंखें मूंदकर भरोसा करें, इसके लिये उन्हें विवेकहीन और अतार्किक बनाना ज़रूरी है, अत: देश में वैज्ञानिक चेतना समाप्त करने की प्रक्रिया को भी तेज किया गया। इसके तहत कोरोना जैसी महामारी के उन्मूलन थाली-ताली पीटकर और 80 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त राशन देकर देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का विलक्षण अर्थशास्त्र लिखा गया है।

एक ओर तो लोगों की भावनाओं को बेवजह उत्तेजना दी गई, तो वहीं दूसरी तरफ संसद, कार्यपालिका, न्यायपालिका, मीडिया, सिविल सोसायटियों आदि को मसल कर रख दिया गया है। सत्ता ने सुनिश्चित कर दिया है कि उसका विरोध करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हों या अधिकारी- जेल की सींखचों के पीछे होंगे और विपक्षी दलों के मुखर सांसदों को चुन-चुनकर संसद से बेदखल किया जाएगा। नागरिकों को ताकत प्रदान करने वाले नियम-कानून या तो कमजोर किये जा रहे हैं अथवा उनका इस्तेमाल चेहरे व जमातें देखकर होता है। वैसे तो मौजूदा सरकार अपनी स्थापना काल से ही नागरिकों को कमजोर करने और उन पर राज्य का शिकंजा कसने के अनेकानेक उपाय करती आई है परन्तु इस एक साल का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिये। किसी भी क्षेत्र या व्यक्ति से प्रतिरोध की कोई भी आवाज के न आने से आश्वस्त हो चुके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार को बड़ी चुनौती राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा (सितम्बर, 2023 में कन्याकुमारी से कश्मीर तक- 4000 किलोमीटर) ने दी है। उनका यह पैदल सफर देश में बढ़ रहे नफरत के खिलाफ प्रेम का संदेश लेकर था। चूंकि भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पूरी विचार प्रणाली परस्पर घृणा पर आधारित है, उसका खौफ खाना लाजिमी था। यात्रा के दौरान राहुल ने जिस प्रकार से देश की समस्याओं के साथ सरकार के भ्रष्टाचार और विशेषकर मोदी व कारोबारी गौतम अदानी के साथ सम्बन्धों की बात उठाई, उन्हें संसद से एक अवमानना मामले को लेकर निकाल दिया गया। सदस्यता बहाली के बाद भी राहुल का स्वर मंद नहीं हुआ है और आज उनके साथ 26 दलों का गठबन्धन लामबन्द है। इससे हताश मोदी मणिपुर, मेवात, ट्रेन में गोलीबारी जैसे मामलों को लेकर भी कठघरे में हैं। मोदी की बौखलाहट का खामियाज़ा जनता को भुगतना पड़ सकता है- उसके अधिकारों में कटौती के रूप में।

अपनी सत्ता बचाये रखने के लिये भाजपा ने सारे साल नये सिरे से विष-बेलों को पानी सींचा है, जिसे अमृतकाल कहा जाता है। इस वर्ष के जश्न-ए-आज़ादी के मौके पर इन विष -बेलों का समूल नष्ट करना उन सबका उद्देश्य हो जिनका विश्वास स्वतंत्रता, समानता, धर्मनिरपेक्षता एवं बन्धुत्व जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों में है।

# मिट्टी संग सेल्फी, मुस्लिम महिलाओं संग राखी; शहंशाह के नए फरमान!

■ बादल सरोज

शहंशाह ने अगस्त महीनों के दो बड़े शिगूफों का फरमान जारी कर दिया है। उन्होंने फरमाया है कि 15 अगस्त को देश के सारे नागरिक अपने हाथों में देश की माटी लेकर अपनी अपनी सेल्फी खींचें और उसे सोशल मीडिया वगैरा पर इधर-उधर चिपकाने के साथ-साथ उन्हें भी भेजें। इसके लिए बाकायदा एक नई साईट भी खोली गयी है । इस फरमान की ख़ास बात यह है कि इसमें बात यहीं तक नहीं रुकेगी, यह इवेंट इससे आगे भी चलने वाला है; 'मेरी माटी मेरा देश' के इस अभियान में इसके बाद एक अमृत कलश यात्रा भी निकलेगी, इन कलशों में मिट्टी के साथ पौधे भी लाये जायेंगे- इस माटी के साथ ये पौधे राष्ट्रीय युद्ध स्मारक - नेशनल वार मेमोरियल- के करीब के, ठीक इसी काम के लिए बनाए जाने वाले परिसर में, एक साथ रोपकर अमृत वाटिका बनाई जायेगी और बकौल उनके इस तरह 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का भव्य स्मारक बनेगा!! दूसरा फरमान उन्होंने अपने एनडीए के सांसदों को दिया है और उनसे कहा है कि इस रक्षाबंधन पर वे मुस्लिम महिलाओं से राखी बंधवायें। इस आह्वान में हालांकि ऐसा नहीं कहा गया है लेकिन पालित पोषित मीडिया ने, लगभग सभी ने, पसमांदा मुसलमानों को इसमें तरजीह देने का इशारा किया है।

यह न पहले शिगूफे है न आखिऱी - पिछली 9 वर्षों में शिगूफेबाजी ही तो हुई है। शुरुआत ही झाड़ू लगाते हुए फोटो खिंचवाने के हास्यास्पद पाखण्ड से हुई - इसमें पहले कूड़ा कचरा बगराने और उसके बाद एक ही जगह लम्बी-लम्बी झाड़ू उठाकर अलग-अलग भंगिमा में तस्वीरें उतरवाने के कारनामे हुए; इसे स्वच्छ भारत अभियान का नाम दिया गया। कोरोना की महामारी के दौरान तो इनके नयेपन के मामले में जैसे सारी रचनात्मक उर्वरता चरम पर जा पहुंची थी: लॉकडाउन का शुरुआती ड्रेस रिहर्सल जनता कर्फ्यू से हुआ, इसके बाद 9 तारीख को 9 बजे 9 मिनट तक बत्ती बुझाकर अंधेरे में कोरोना के वायरस को रास्ता भुलाकर गफलत में डालने का निर्देश राष्ट्र को दिया गया। इसके बाद भी यह दुष्ट वायरस नहीं माना तो ताली बजाने, थाली बजाने, दीये और मोमबत्ती जलाने, गो कोरोना गो के नारे लगवाने के नए नए आह्वान आये। कुल मिलाकर यह कि जिसकी उस समय सबसे ज्यादा जरूरत थी उस ऑक्सीजन, पेरासिटामोल, जिंक, विटामिन सी और बी कॉम्प्लेक्स जैसी मामूली इलाज की उपलब्धता को छोड़कर बाकी सब हुआ।

बात सिर्फ इतनी होती तब भी बर्दाश्त कर ली जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस तरह के दिखावटी जुमलों वाले आह्वानों के पीछे इतना भर नहीं है, इससे ज्यादा कुछ है और जो है वह गंभीर है। इन दिखावों के पीछे एक इरादा अपने अपकर्मों और देश तथा जनता के साथ किये अपराधों को छुपाने का है। नोट बन्दी के वक्त का ऐसा ही शिगूफाई कथन कि '50 दिन में सब कुछ ठीक न होने पर चौराहे पर खड़ा करके सजा दे देना' लोगों को आज भी याद है। चुनाव जीतने के बाद पहली बार संसद में जाने पर उसकी सीढ़ियों पर लगाई गई लम्बलेट भी लोग भूले नहीं है। उसके बाद संसदीय लोकतंत्र का जो हश्र हुआ वह सामने है, इन दिनों चल रहे संसद सत्र में तो वे जाने से ही कतरा- सकुचा रहे हैं। एक निश्चित अंतराल के बाद रोने का कारनामा तो लगता है कि अब इतना पुराना पड़ गया है कि खुद अभिनेता ने ही उसे अनेक समय से नहीं दोहराया।

इन शिगूफों का दूसरा इरादा आभासीय उजाले की आभा- होलोग्राम- की बिना पर नकली गौरव, लिजलिजा राष्ट्राभिमान पैदा करने का होता है। बुलेट ट्रेन के ख्याली पुलाव से यह सिलसिला शुरू हुआ; कुछ चुनिन्दा रेलवे स्टेशनों को चमचमा कर उन्हें विकास का सूर्योदय साबित करते हुए अब पूरी तरह अव्यावहारिक और अलाभकारी साबित हो चुकी वन्दे भारत रेलगाड़ियों के ढकोसले तक पहुंच गया है। इसी तरह का आवरण डालने की हालिया हरकत अमेरिकी संसद में इतने बार तालियां बजने और उतने बार खड़े होकर जय-जयकार करने की खबरों से फर्जी गर्व पैदा करने की कोशिशों में दिखी; जबकि असल में इनके जरिये उन आपराधिक समझौतों को छुपाया जा रहा था जिनका असर इस देश की विदेश नीति से लेकर आर्थिक औद्योगिक परिस्थिति के लिए विनाशकारी होने वाला है। बेटी बचाओ के खोखले आह्वान के बाद देश भर में बेटियों और उनकी मांओं पर बढ़ते अत्याचारों से ध्यान बंटाने के लिए 'सेल्फी विथ डॉटर' का शिगूफा छोड़ा गया। इधर देश भर में दलितों की दुर्दशा करने के लिए सामाजिक और आर्थिक दोनों मोर्चों पर सारे घोड़े खोल दिए गए उधर डॉ अम्बेडकर के नाम पर विराट स्मारक बनाने का शिगूफा छोड़ दिया। इस काम में अब उनके बाकी लगुये भगुये भी उन्हीं के नक्शेकदम पर चल पड़े हैं; एक भाजपाई आदिवासी के सिर पर पेशाब करता है दूसरा भाजपाई मुख्यमंत्री निवास परउसी आदिवासी के पांव धोता है। इन चंद उदाहरणों से ही सारे शिगूफों की चोंचलेबाजी उजागर हो जाती है।

> यह 2024 का डर है । लगता है इन आह्वानों को देने वाले और उनका पूरा गिरोह समझता है कि डर लगे तो हनुमान चालीसा गाने से काम चल जाएगा; इसीलिये जितना ज्यादा डर बढ़ता जाता है ये उतना ही ज्यादा जोर से गाने लगते हैं। हालांकि कर्नाटक में डर के मारे आखिऱी दिनों में वे खुद इसे आजमा कर देख भी चुके हैं कि जब जनता ठान लेती है तो कोई चौबीसा या पचीसा काम नहीं आता।

मगर इन सब आह्वानों के एक बड़े हिस्से का मकसद इन सबके साथ इससे आगे का, किसी न किसी बहाने भीड़ जुटाने और उसे उन्मादी बनाने का है। नए-नए प्रतीक गढ़ने, उनके नाम पर कुछ अर्थहीन काम करवाने की इस कवायद के साथ जो हुजूम इकट्ठा किये जाते हैं उन्हें संघ- भाजपा के एजेंडे के हिसाब से एक खास रुझान में ढालकर जुनूनी बनाने के सायास प्रयत्न किये जाते हैं। इनके द्वारा गढ़ा गया ऐसा ही एक प्रतीक बुलडोजर है। जिसका मुंह अल्पसंख्यकों और दलित आदिवासियों के घरों और दुकानों की दिशा में ही रहता है। इसी के साथ अलग-अलग आह्वान के प्रति रुख के आधार पर असहमत लोगों की शिनाख्त की जाती है, फिर उसे मथ कर हम और वो का सोच बनाया जाता है- जिसके नतीजे जयपुर-मुम्बई ट्रेन जैसे निकलते हैं।

हिटलर और मुसोलिनी वाले फासिज्म के इतिहास में प्रतीकों के इसी तरह गढ़ने और उनके अति दोहन की अनेक मिसालें हैं, इनमें से कई को तो उन्हें अपना गुरु मानने वाले उनके भारतीय बटुकों ने हू ब हू अपनाया है। पिछले स्वतन्त्रता दिवस पर घर घर तिरंगा लगाने और तिरंगे झंडे को अपनी डीपी और प्रोफाइल बनाने के आह्वान इसी तरह के हैं। यह विडंबना नहीं तो क्या है कि आजादी का महत्व समझाने और आजादी की लड़ाई में शहीद हुए हिन्दुस्तानियों के नाम पर कलश यात्राएं निकलवाने का आह्वान वे दे रहे हैं जिनका स्वतन्त्रता संग्राम में रत्ती भर का योगदान नहीं है। तिरंगे का प्रतीक वे इस्तेमाल करना चाहते हैं जो हमेशा इसे राष्ट्रीय ध्वज बनाने के विरुद्ध रहे।

इस तरह की ढीठ शातिर चतुराई यही दिखा सकते हैं कि एक तरफ तो नूंह-मेवात के हिन्दू मुस्लिम बाशिंदों से कहें कि 'फूल मालाएं तैयार रखो, तुम्हारे जीजा आ रहे हैं' मणिपुर में सामूहिक बलात्कार के बाद स्त्रियों को निर्वसन घुमायें और बजाय लज्जित होने के 'ऐसी तो सैकड़ों घटनाएं घटी हैं' कहकर देश की जनता को जीभ चिढ़ायें और वहीं पूरी बेशर्मी के साथ रक्षाबन्धन पर मुस्लिम महिलाओं को बहन बनाने का आह्वान करें। अगर शिगूफेबाजी के शहंशाहे आलम वाकई में अपने इन आह्वानों को लेकर गंभीर हैं तो उम्मीद की जानी चाहिये कि वे खुद इसे अमल में लायेंगे और रक्षाबंधन के दिन अपने ही गुजरात की बहन बिल्किस बानो के घर जाकर उनसे राखी बंधवा कर आयेंगे; खट्टर को नूंह के गांवों में राखी बंधवाने भेजेंगे।

आने वाले दिनों में इसी तरह के और आह्वान आने वाले हैं। यह 2024 का डर है । लगता है इन आह्वानों को देने वाले और उनका पूरा गिरोह समझता है कि डर लगे तो हनुमान चालीसा गाने से काम चल जाएगा; इसीलिये जितना ज्यादा डर बढ़ता जाता है ये उतना ही ज्यादा जोर से गाने लगते हैं। हालांकि कर्नाटक में डर के मारे आखिऱी दिनों में वे खुद इसे आजमा कर देख भी चुके हैं कि जब जनता ठान लेती है तो कोई चौबीसा या पचीसा काम नहीं आता। नूंह- मेवात के किसान दंगाइयों के खिलाफ अपनी एकजुटता से सपष्ट रूप से इस सन्देश की पेशगी दे चुके हैं।

**( सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा )**

# आम चुनाव के पहले राजनीतिक रूप से दुरुस्त हो रहा है रिजर्व बैंक

■ अंजन रॉय

कभी-कभी अटल बिहारी वाजपेयी की याद आती है। जब टमाटर की कीमतें आसमान छू रही होती हैं, तो हमें शायद ही कोई ऐसी गूंज सुनाई देती है। कोई भी टमाटर की कीमतों पर उतने प्रभावी ढंग से कटाक्ष नहीं कर रहा है जितना कि एक बार वाजपेयी ने प्याज की कीमतों पर किया था।

आम चुनाव तेजी से नजदीक आ रहा है और कीमतें चुनाव प्रचार के लिए बुनियादी आधार हैं। राजनेताओं से यह उम्मीद करना भी सामान्य है कि वे कीमतों को लेकर बहुत ज्यादा विचार करेंगे, खासकर प्याज या हाल ही में टमाटर जैसी संवेदनशील खाद्य पदार्थों की कीमतों के मामले में। मौजूदा सरकारों के लिए कीमत के मुद्दे पर गद्दी भी छोड़ने की स्थिति आ जाती है।

10 अगस्त को अपने नवीनतम मौद्रिक नीति वक्तव्य में, रिज़र्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने संवेदनशील वस्तुओं में मूल्य झटके का वर्णन करने में एक नैदानिक वाक्यांश का उपयोग किया है। उन्होंने इन्हें 'असामान्य मूल्य झटके' के रूप में वर्णित किया, और इस तरह मूल्यवृद्धि के दंश को कम करने की कोशिश की।

वित्तीय वास्तुकला के एक तकनीकी संरक्षक के रूप में, जिसे कीमतों की स्थिरता बनाये रखने का काम सौंपा गया है, उनका मूल्यवृद्धि का ऐसा वर्णन उनके लिए उपयुक्त है। उनका सुझाव है कि इन पर गौर करना होगा और समग्र मूल्य रुझानों पर नजर रखनी होगी। हालांकि, साथ ही उन्होंने दोहराया कि यदि 'असामान्य रुझान' दृढ़ता दिखाते हैं तो हमें 'कदम उठाना' होगा।

> वित्तीय वास्तुकला के एक तकनीकी संरक्षक के रूप में, जिसे कीमतों की स्थिरता बनाये रखने का काम सौंपा गया है, उनका मूल्यवृद्धि का ऐसा वर्णन उनके लिए उपयुक्त है। उनका सुझाव है कि इन पर गौर करना होगा और समग्र मूल्य रुझानों पर नजर रखनी होगी। हालांकि, साथ ही उन्होंने दोहराया कि यदि 'असामान्य रुझान' दृढ़ता दिखाते हैं तो हमें 'कदम उठाना' होगा।

रिज़र्व बैंक मूल्य स्थिरता का संरक्षक है। इसे मूल्य स्थिरता बनाये रखने का अधिकार दिया गया है। साथ ही, आरबीआई के कार्यों का पूरी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जिसमें अर्थव्यवस्था की गति और इसकी समग्र वृद्धि भी शामिल है। इसलिए, कार्य की दोहरी जिम्मेदारी है : समग्र विकास में बाधा डाले बिना मूल्य स्थिरता बनाये रखना।

इसके लिए मौद्रिक प्राधिकरण से बहुत ही स्तरित और सूक्ष्म प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। ऐसा लगता है कि रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने अपने लिए यही तय किया है। पारंपरिक रूप से मूल्य नियंत्रण के लिए मांग पर अंकुश लगाने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जाती है। लेकिन इससे अर्थव्यवस्था की गति पर भी असर पड़ता है और सुस्ती आती है।

वास्तव में, अमेरिकी फेडरल रिजर्व को इस सख्त विकल्प का सामना करना पड़ रहा है। वह अमेरिकी कीमतों में कुछ हद तक गिरावट पर लगाम लगाने के लिए ब्याज दर बढ़ा रहा है। डर यह है कि मौद्रिक नीति के माध्यम से मुद्रास्फीति नियंत्रण के किसी भी निरंतर प्रयास से एक प्रकार की मंदी आ जायेगी और बेरोजगारी बढ़ जायेगी। अमेरिका में रोजगार का स्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर है और कई दौर की ब्याज वृद्धि के बावजूद, एक बार फिर ऐतिहासिक ऊंचाई पर, बेरोजगारी में वृद्धि नहीं हुई है। लेकिन विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह थोड़े समय में हो जाना चाहिए।

आरबीआई गवर्नर वास्तव में इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। अर्थव्यवस्था में एक प्रकार की सुस्ती पैदा करके, मूल्य नियंत्रण के लिए कुंद ब्याज दर साधन को बढ़ाना व्यावहारिक नहीं है। इससे विकास की गति प्रभावित होगी। यहां चुनाव अधिक खतरनाक है। हमें कीमतों को तीव्र वृद्धि के ढांचे में बनाये रखना होगा। जैसा कि गवर्नर ने कहा है, उनके सामने समस्या यह है कि चुनिंदा वस्तुओं, जैसे अभी टमाटर या पहले की अवधि में प्याज, की कीमतों में तेजी अल्पकालिक मानी जा रही है।

आरबीआई का नीति वक्तव्य इसे पहले ही स्पष्ट कर देता है। वो बताता है कि- '2023-24 की दूसरी तिमाही के लिए मुख्य मुद्रास्फीति अनुमान को काफी हद तक संशोधित किया गया है, मुख्य रूप से सब्जियों की कीमत के झटके के कारण। इन झटकों की संभावित अल्पकालिक प्रकृति को देखते हुए, मौद्रिक नीति कुछ समय के लिए ऐसे झटकों के कारण होने वाले उच्च मुद्रास्फीति प्रिंट पर गौर कर सकती है। हालांकि, दुविधा यह है कि इस तरह के मूल्य झटके एक स्थानिक मुद्रास्फीति की उम्मीद को जन्म देते हैं। यानी लोग यह मानने लगते हैं कि कीमतें निकट भविष्य में बढ़नी चाहिए और उसी के अनुसार व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। यह एक स्व-संतुष्टि चक्र बन जाता है। हालांकि, बार-बार होने वाली खाद्य कीमतों के झटके की घटनाएं मुद्रास्फीति की उम्मीदों को स्थिर करने के लिए जोखिम पैदा करती हैं, जो सितंबर 2022 से चल रही है, जैसा कि मौद्रिक नीति बताती है। मौजूदा स्थिति में रास्ता आपूर्ति पक्ष का अर्थशास्त्र हो सकता है।'

निरंतर और समय पर आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप की भूमिका ऐसे झटकों की गंभीरता और अवधि को सीमित करने में महत्वपूर्ण है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह केंद्रीय बैंक का विशिष्ट नीति निर्धारण है। इसलिए, आरबीआई ने 'असामान्य मूल्य झटकों' के लिए सुधारात्मक उपाय के रूप में, मांग पर नियंत्रण के कड़े उपायों के बजाय, आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप की व्यवस्था की है।

सभी जानते हैं कि यह अच्छी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अच्छी राजनीति भी साबित हो सकती है। क्योंकिआम चुनाव की स्थिति में, कोई सरकार खस्ता हाल अर्थव्यवस्था वाले मतदाताओं का सामना नहीं कर सकती। किसी भी कीमत पर, मौजूदा सरकार का पूरा रुख यही है कि उसे भारतीय अर्थव्यवस्था को फिर से सक्रिय करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुरुआती दांव यह है कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। यह एक बड़ा दावा है और इसे हासिल करने के लिए भारत को स्थिर गति से विकास करना होगा। दुविधा यह है कि सरकार बढ़ती कीमतों के साथ मतदाताओं का सामना नहीं कर सकती है। इस दोहरे उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए किसी को मौजूदा मूल्य प्रवृत्तियों की प्रकृति पर ठीक से गौर करना होगा।

इसमें कोई संदेह नहीं कि उपभोक्ता कीमतें बढ़ रही हैं विशेष रूप से सब्जियों में अचानक उछाल के कारण। सब्जियों की कीमतें आम तौर पर गर्मियों के महीनों में बढ़ती हैं और फिर अक्टूबर के बाद गिर जाती हैं। उदाहरण के लिए, टमाटर की कीमतों से निपटने के लिए, वित्त मंत्री ने नेपाल से आयात की घोषणा की है, जो अपने आप में खाद्य पदार्थों का बम्पर उत्पादक नहीं है।

कीमत की और भी भयावह गतिशीलता है। खाद्यान्न- चावल और गेहूं- की कीमतों में कुछ उछाल की आशंका है। दुनिया भर में इनकी भारी कमी है और खाद्यान्न की वैश्विक कीमतें बढ़ रही हैं, जिसका मुख्य कारण यूक्रेन में युद्ध है। भू-राजनीति मूल्य व्यवहार को प्रभावित कर रही है।

भारत को खाद्यान्न की कीमतों में इस तरह की महंगाई पर ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए। हमारे पास खाद्यान्न का बड़ा भंडार है, जो बफर स्टॉकिंग मानदंडों से कहीं अधिक है। फिर भी, पहले ही कदम उठाये जा चुके हैं- चावल के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध है। भारत वैश्विक बाजारों में चावल का एक प्रमुख निर्यातक है और इसलिए चावल की कीमत हर जगह बढ़ रही है।

दूसरे, हालांकि हम गेहूं उत्पादन में काफी सहज हैं और कई बार बफर स्टॉक प्रचुर मात्रा में होता है, फिर भी भारत रूस से आयात सुरक्षित कर रहा है। इससे वैश्विक आपूर्ति में कमी आ रही है। सरकार को देश में इसकी प्रचुर मात्रा में आपूर्ति पर जागरूक रहना होगा।

समग्र राजनीतिक अर्थशास्त्र के दृष्टिकोण से, आरबीआई और सरकार एक ही पृष्ठ पर प्रतीत होते हैं। अधिकतर समय ऐसा नहीं होता। उम्मीद है, सितारों के अनुकूल नक्षत्र के साथ, हम बढ़ती अर्थव्यवस्था में समग्र मूल्य स्थिरता देखेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस

# नए इतिहास का सृजन है 'आजादी'

आज हम फिर से अपनी आजादी को याद कर रहे हैं। आज आजादी का दिन है। हम सभी के लिए आज जश्न मनाने का अवसर है। आधुनिकता की दौड़ में आज का इंसान अपनी रोजमर्रा की जरूरतों में बंधकर खुद की आजादी को भूल रहा है। आज उसी आजादी के स्मरण का महत्वपूर्ण दिन है। हर तरफ उत्सव, उमंग और राष्ट्रीयता की भावना बल्लियों उछल रही है। इन सारी खुशियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि वास्तव में आजादी क्या है? यदि इसे हम कविता और शायरी की भाषा में व्यक्त करना चाहें तो यह एक सुंदर एहसास है। किसी गुलाम से आजादी का मतलब पूछे तो, उसके लिए बेड़ियां तोड़कर स्वच्छंद विचरण ही आजादी है। एक आजाद व्यक्ति से यह पूछना कि आजादी क्या है? अपने आप में पेचीदगी से भरा सवाल है! आजाद व्यक्ति के लिए आजादी से जुड़े अधिकारों को जानना जहां सजगता है, वही कर्तव्य पर विराम चिन्ह लग जाता है! स्वतंत्रता केवल मनुष्य के लिए ही नहीं वरन हर प्राणी के लिए उत्साह बढ़ाने वाली होती है। एक पिंजरे में कैद पक्षी जब अपने समाज को आकाश में स्वच्छंद उड़ान भरता देखता है तो उसे स्वतंत्रता अथवा आजादी का मूल्य समझ में आ जाता है! स्वतंत्रता का सही मूल्यांकन वही व्यक्ति कर सकता है जो गुलामी की जिंदगी जी रहा हो। आज जब मैं स्वतंत्रता के सही मायनों को तलाश रहा हूं, तब मुझे शिवमंगल सिंह सुमन जी की पंक्तियां बरबस ही याद आ रही है-

'हम पक्षी उन्मुक्त गगन के, पिंजरबद्ध न गा पाएंगे,
कनक तीलियों से टकराकर, पुलकित पंख टूट जाएंगे।
हम बहता जल पीने वाले,मर जाएंगे भूखे प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबोरी, कनक-कटोरी की मैदा से।।

स्वतंत्रता किसे पसंद नहीं? कोई इसे छीनने आतुर होता है, तो कोई अपनी विवशता के आगे मूक बना रहता है। मनुष्यों से लेकर पशु-पक्षियों और पेड़- पौधों में भी आजादी की ललक का एहसास किया जा सकता है। हम अपने आसपास के प्राकृतिक वातावरण में भी आजादी का सुंदर उदाहरण पा सकते हैं। पौधों और वृक्षों की प्रजातियां को हम भरपूर स्वतंत्रता प्रदान करें तो वे विशाल वन का रूप अख्तियार कर अपने विभिन्न प्रजातियों का वृद्ध स्वरूप हमारे सामने ला दिखाते हैं। इन्हीं पौधों और वृक्षों की बोनसाई प्रजाति को जब हम अपने घरों के गमलों में सजाते हैं, तो उनकी आजादी भी जंजीरों में जकड़ जाती है ,और सुंदर पौधे तथा वृक्ष केवल हमारे घर-आंगन की शोभा बनकर रह जाते हैं। देखा जाए तो आजादी की महत्ता अनगिनत स्वरूपों में दिखाई पड़ती है। यही विकास के लिए आवश्यक भी है। वास्तव में स्वतंत्रता वह साधन है जिसके द्वारा नित्य नए विचारों का प्रस्फुटन होता है। रचनात्मक कला के चलते विकास के सर्वोत्तम मार्गों का निर्माण होता है। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि जब किसी कलाकार, अभिनेता या वैज्ञानिक को अपने विचारों को पंख लगाने अथवा साकार रूप देने की स्वतंत्रता प्राप्त होती है तो एक नए इतिहास का सृजन होता है। इन्हीं परिस्थितियों में कोई एपीजे अब्दुल कलाम तो कोई नृत्य और संगीत का बेताज बादशाह बनकर देश का गौरव बन जाता है।

यह शाश्वत सत्य है कि हमारी आजादी हमें उत्साहित करती है। 15 अगस्त 1947 के बाद से हमने बहुत कुछ पाया है। हमने प्रगति और विकास के मार्गों पर कदम बढ़ाया है। मैं तो इस कल्पना मात्र से कांप उठता हूं कि हम स्वतंत्र ना होते तो क्या होता? आजादी के बिना हम आज के भारत की तस्वीर को नहीं देख पाते! हम बेशक अपनी आजादी का उत्सव पूरे गौरव और उमंग के साथ मनाते रहें, किंतु हमारी एक नजर उस ओर भी जाना चाहिए,जहां हमारे अपने लोग गरीबी की गुलामी में जकड़े हुए हैं!

**सूर्यकान्त मिश्रा**

## आपके पत्र

# हर घर तिरंगा अभियान और ध्वज संहिता का मान

भारत की स्वतंत्रता के 76वें वर्ष के जश्न के हिस्से के रूप में, भारत सरकार ने 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है। अभियान में भाग लेते समय भारतीय ध्वज संहिता को समझना जरूरी है। 'हर घर तिरंगा' आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एक अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आज़ादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को 13 से 15 अगस्त 2023 तक अपने घरों में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का फहराना/उपयोग/प्रदर्शन राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित होता है। भारतीय ध्वज संहिता राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के लिए सभी कानूनों, सम्मेलनों, प्रथाओं और निर्देशों को एक साथ लाती है। यह निजी, सार्वजनिक और सरकारी संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन को नियंत्रित करता है। अपना राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगा। इसको लहराते देख गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। इस के सम्मान में इसे सैल्यूट करने का मन चाहता है।

सबसे पहले 7 अगस्त 1906 कलकत्तामें 'लोअर सर्कुलर रोड' के पास पारसी बागान स्क्वायर पर पहला राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। उस समय इसमें लाल, पीले और हरे रंग की तीन क्षैतिज पट्टियां बनी हुई थीं। इसके बाद, कई बदलावों से गुजरते हुए यह राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा इसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार किया गया। इसके मौजूदा स्वरूप को डिजाइन करने में स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकय्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जब भी ध्वज फहराया जाए तो उसे सम्मानपूर्ण स्थान दिया जाए। उसे ऐसी जगह लगाया जाए, जहां से वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सरकारी भवनों पर रविवार और अन्य छुट्टियों के दिनों में भी ध्वज को सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराया जाता है, विशेष अवसरों पर इसे रात को भी फहराया जा सकता है। यानी आमतौर पर सूर्यास्त के बाद ध्वज को फहराने की अनुमति नहीं है। ध्वज को सदा स्फूर्ति से फहराया जाए और धीरे-धीरे आदर के साथ उतारा जाए। फहराते और उतारते समय बिगुल बजाया जाता है तो इस बात का ध्यान रखा जाए कि ध्वज को बिगुल की आवाज के साथ ही फहराया और उतारा जाए।

ध्वज केवल राष्ट्रीय शोक के अवसर पर ही आधा झुका रहता है किसी दूसरे ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊंचा या ऊपर नहीं लगाया जाएगा, भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को 19 जुलाई, 2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया था। अब, जब झंडा खुले में प्रदर्शित किया जाता है या जनता के किसी सदस्य के घर पर प्रदर्शित किया जाता है, तो इसे दिन और रात फहराया जा सकता है। झंडों को फेंके नहीं, कूड़ेदान में भी नहीं डालें। घर पर लगे झंडों को तह बनाकर घर में रखे। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लोगों ने अपने घरों में झंडे लगाए हैं। ऐसे में लोग सम्मान के साथ इन तिरंगों को साफ करके प्रेस करके घर के अंदर उन्हें संभालकर रख सकते हैं। इन झंडों का इस्तेमाल अगले साल के लिए किया जा सकता है।

**प्रियंका सौरभ**

# स्वयं के घर का सपना पूरा होने पर हितग्राहियों की खुशी का नहीं रहा ठिकाना

## महापौर, निगम आयुक्त, महापौर प्रतिनिधि और पार्षदों की उपस्थिति में हितग्राहियों को लाटरी पद्धति से किया गया आवासों का आवंटन






**सागर, देशबन्धु।** स्वयं के घर का सपना पूरा होने पर हितग्राहीयो की खुशी का ठिकाना नहीं रहा ,जब महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी और पार्षदों की उपस्थिति में छोटी बच्ची ने हितग्राहियों के नाम के आवास आवंटन की पर्ची निकाली और हितग्राही को आवास नंबर की जानकारी दी गई । अवसर था निगम सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना( शहरी) के, अंतर्गत ए एच पी घटक के कनेरादेव में बनाए गए आवासो को हितग्राहियों को आवंटन करने का ,जिसका आयोजन निगम सभाकक्ष में किया गया जिसमें महापौर, महापौर प्रतिनिधि , निगमायुक्त ,निगम अधिकारियों और जिन हितग्राहियों को आवास आवंटन किए जाने थे उनकी उपस्थिति में पर्ची निकालकर उन्हें आवासों का आवंटन किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि हम सब आजादी का अमृत महोत्सव के साथ विकास का भी अमृत महोत्सव मना रहे हैं , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के ऐसे लोग जिनकी स्वयं की छत नहीं थी या किराए के घरों में रहते थे उनको स्वयं का आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ की जिसके परिणाम स्वरूप आप लोगों को आवासों का आवंटन किया जा रहा है जिसके लिए उन्होंने समस्त हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी।

महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने भी हितग्राहियों को आवास आवंटन की शुभकामनाएं देते हुए , इसका श्रेय माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंत्योदय सोच, को दिया जिसके तहत उन्होंने सर्वप्रथम देश में रहने वाले आवासहीन नागरिकों को स्वयं का आवास उपलब्धियों करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ की , जिसमें योजना के तहत हितग्राहियों से अंशदान के रूप में दो, लाख की राशि बैंक के माध्यम से या सीधे डिपोजिट करवा कर पक्के आवास दिए जा रहे हैं ।

निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने स्वयं का घर नहीं बना पाते थे और जमीन उपलब्ध होते हुए भी आर्थिक अभाव के कारण कच्चे घरों में जीवन यापन करते थे उन्हें पक्का घर बनाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ की गई और पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को पक्का घर बनाने हेतु बीएलसी योजना अंतर्गत राशि जारी की गई ताकि हितग्राही अपना पक्का मकान बना सके उसी प्रकार शहरी क्षेत्र में एएचपी घटक के तहत हितग्राही को बना बनाया पक्का घर उपलब्ध कराया जाता है जिसमें हितग्राही द्वारा 2 लाख की राशि अंशदान के रूप में जमा कराई जाती है जो या तो हितग्राही बीस, हजार की राशि जमा करता है बाकी की राशि बैंक द्वारा फाइनेंस की जाती है या सीधे दो, लाख की राशि जमा कर उसे यह मकान प्रदान किया जाता है। पार्षद अनूप उमिल ने भी हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सोमेश जड़िया सहित जनप्रतिनिधियों है हितग्राहियों को आवास आवंटन की शुभकामनाएं दी।

# बरोदियाकलां में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर परिषद बरोदिया कलां द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत मेरी माटी, देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया सम्पूर्ण नगर तिरंगा मय हो गया। तिरंगा यात्रा जो बरोदियाकलाँ एवं रजवांस बाजार के मुख्य मार्गो से निकाली गई इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष मीना देवी, पाषर्दगण, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नगरवासी, समस्त स्कूलों प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# झांसी हाइवे पर सीताफल से भरा लोडिंग वाहन पलटा






**दिगौड़ा, देशबन्धु।** टीकमगढ़-झांसी हाईवे रोड पर ग्राम दोर के पास बीती रात करीब 1:30 बजे एक चार पहिया वाहन पलट गया। घटना में वाहन में सवार लोगों को मामूली चोटें आई। वाहन बीच सड़क पर पलटने के कारण दोनों ओर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से वाहन को सीधा कर एक तरफ करवाके जाम को खुलवाया। डायल हंड्रेड पुलिस के आरक्षक जगभान रजक व पायलट अनिल सेन ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दोर के पास मोड़ पर बीती रात करीब 1:30 बजे चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। लोडिंग वाहन में सीताफल भरे हुए थे, वाहन पलट कर सड़क के बीचो-बीच आ गया था। वाहन चालक ने पुलिस को बताया कि सामने से आ रहे आयशर ट्रक ने कट मारा था, जिसको बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया था।


## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई दमोह

एन.आई.टी. नं. 19/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी/जबलपुर दिनांक 08.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रुप से प्राप्त की जावेगी | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 10 | 11 |
| 1 | 2023_ PWPIU_ 298081 | जिला दमोह के डिग्री कालेज पथरिया में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य | दमोह | 8.41 | 17000/- | 30000/- | 6 माह | | |

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://mpeproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 10.08.2023 समय 9.00 से दिनांक 25.08.2023 समय 6.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, पी. आई. यू. दमोह**

जी-18328/23


## राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

# मुख्यमंत्री ने महाराजपुर पहुंचकर पूर्व राज्यमंत्री अहिरवार को दी श्रद्धांजलि



**छतरपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को छतरपुर जिले के महाराजपुर पहुंचे और पूर्व राज्यमंत्री एवं पूर्व विधायक रामदयाल अहिरवार के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और स्व. रामदयाल अहिरवार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत आत्मा को शांति देने और परिवारजनों को असहनीय कष्ट सहन करने की क्षमता प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया।

पूर्व राज्यमंत्री का गत रविवार को बीमारी के कारण निधन हो गया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रामदयाल अहिरवार सरल, सहज और सौम्य स्वभाव के थे। राजनीतिज्ञ के साथ वे समाजसेवी भी थे। महाराजपुर में उनकी स्मृति को अक्षुण्ण रखने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान खजुराहो से हेलीकॉप्टर द्वारा महाराजपुर हेलीपैड पहुंचे और कार द्वारा पूर्व विधायक के निवास पर रवाना हुए। इस दौरान खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती ललिता यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, मलखान सिंह, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक अमित सांघी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। पूर्व राज्यमंत्री का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया किया गया। अंतिम संस्कार में केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक, राजनगर विधायक विक्रम सिंह नातीराजा, राजेश प्रजापति, प्रद्युम्न सिंह लोधी भी शामिल हुए।

## सार समाचार

### आज मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**कलेक्टर संदीप जीआर फहराएंगे तिरंगा**

**छतरपुर, देशबन्धु।** देश की आजादी के 76 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में आजादी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसी क्रम में छतरपुर के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर संदीप जीआर ध्वजारोहण करेंगे।

प्रात-9 बजे से आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण के पश्चात कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके पश्चात परेड दल द्वारा हर्ष फायर और मार्चपास्ट की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डारों से परिचय प्राप्त किया जाएगा। तत्पश्चात 10 बजे से चयनित स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समापन के अवसर पर उत्कृष्ट सेवा देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों को पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

### आजादी के अमृत महोत्सव पर निकली तिरंगा यात्रा, तिरंगे को सलामी

